## बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग



संवेदक Raghopur Infracon Private Limited (Reg. No. 1230085) Add:- At- Road No-8, Indira Nagar, Postalpark, Jakkanpur Patna Pincode: 800001 के निबंधन को **विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–9659 दिनांक 08.09.2025** द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत किये जाने के विरूद्ध दिनांक 10.10.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

21/11/2025

## आदेश

याचिकाकर्त्ता/संवेदक Raghopur Infracon Private Limited (Reg. No. 1230085) Add:- At- Road No-8, Indira Nagar, Postalpark, Jakkanpur Patna Pincode: 800001 एवं विभाग की ओर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना उपस्थित।

प्रस्तुत मामला MGSY योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडल, पटना के अधीन (Package No. MGSY/24-25/Patna/01) Tender ID- 140390 की निविदा में संवेदक Vinod Pandey (Reg. No. 2240256) द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण–पत्र जाली/ फर्जी होने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में विहित प्रावधान के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक **9659 दिनांक 08.09.2025** द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने से संबंधित है।

उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 10.10.2025 को अपना अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया।

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है :--

1. प्रश्नगत निविदा में संवेदक द्वारा बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, कार्य प्रमंडल, चम्पारण (मोतिहारी) के पत्रांक 1573 दिनांक 14.12.2024 द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित किया गया।
2. उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र के संबंध में वरीय परियोजना अभियंता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, कार्य प्रमंडल, चम्पारण (मोतिहारी) के पत्रांक 7761 दिनांक 15.05.2025 द्वारा सूचित किया गया है कि उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र उनके प्रमंडल से निर्गत नहीं किया गया है।
3. तदालोक में संदर्भित निविदा में फर्जी अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित करने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में निहित प्रावधान के तहत विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक **9659 दिनांक 08.09.2025** द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया गया है।
4. उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 10.10.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया कि संदर्भित निविदा में कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा भूलवश गलत अनभुव प्रमाण–पत्र अपलोड कर दिया गया।

संवेदक द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के क्रम में संदर्भित निविदा में फर्जी कागजात समर्पित किये जाने के संबंध में क्षमायाचना करते हुए तथा इसकी पुनरावृत्ति नहीं किये जाने का आश्वासन दिया गया।

(98)

वर्णित तथ्यों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त Raghopur Infracon Private Limited (Reg. No. 1230085) से प्राप्त अपील अभ्यावेदन पर विचार करते हुए विभागीय **सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–9659 दिनांक 08.09.2025** द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए की गयी कालीकृत (Blacklist) आदेश को निरस्त **(Set aside)** करते हुए संबंधित संवेदक के निबंधन (Reg. No. 1230085) को **दिनांक 08.09.2025 से** 03 (तीन:) माह के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–210 / 2025 12143 / पटना, दिनांक– 2.12.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/11/25
(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–210 / 2025 12143 / पटना, दिनांक– 2.12.25

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/11/25
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–210 / 2025 12143 / पटना, दिनांक– 2.12.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

28/11/25
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक:–14 / अ0प्र0–14–210 / 2025 12143 / पटना, दिनांक 2.12.25

निबंधत

प्रतिलिपि:– संवेदक Raghopur Infracon Private Limited (Reg. No. 1230085) Add:- At- Road No-8, Indira Nagar, Postalpark, Jakkanpur Patna Pincode: 800001 को सूचनार्थ प्रेषित।

28/11/25
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–210 / 2025 12143 / पटना, दिनांक– 2.12.25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/11/25
सरकार के संयुक्त सचिव